हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 3 मई 2024

04 ताप्ती, शनि सरोवर को लेकर गंभीर नहीं नगर...
07 अब समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 20 तक की जाएगी







### कलेक्टर ने गेहूं खरीदने की अवधि बढ़ाई, समीक्षा कर दिए निर्देश

# 20 मई तक होगा उपार्जन का कार्य एसडीएम करें लगातार मॉनिटरिंग

**जिले में 72 हजार 160 कुल पंजीकृत किसान हैं जिसमें से 23 हजार 762 किसानों ने समर्थन मूल्य पर उपज बिक्री के लिए स्लॉट बुकिंग कराई है। लेकिन अभी तक कुल 11 हजार 459 किसानों ने खरीदी केन्द्रों पर पहुंचकर अपने उपार्जन की बिक्री की है। जो कि अभी तक काफी कम है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



जिले के किसानों ने ई उपार्जन पोर्टल पर 178 केन्द्रों पर स्लॉट बुकिंग कराई है। लेकिन आधे से कम किसान ही खरीदी केन्द्र पर पहुंचे। जिन्होंने अपने उपार्जन की बिक्री की है। नॉन से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक कुल 11 हजार 459 किसानों से 1 लाख 25 हजार 437 मेट्रिक टन की खरीदी ही की जा चुकी है। जिसमें 300.97 करोड़ रूपए का भुगतान किया जाना है। अभी तक 158.76 करोड़ रूपए का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। इस संबंध में कलेक्टर सोनिया मीना ने गुरुवार को गेहूं उपार्जन एवं अन्य लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने बताया कि गेहूं उपार्जन की समय सीमा 7 मई की जगह अब 20 मई तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिया कि सभी एसडीएम 20 मई तक उपार्जन केंद्रों की सतत मॉनिटरिंग करें, यह देखें कि उपार्जन केंद्रों में कहीं भी व्यवस्था ना हो। केंद्रों में किसानों की लंबी लाइन ना हो, साथ ही किसानों के लिए उपार्जन केंद्रों में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक हो। उन्होंने निर्देश दिए कि गेहूं उपार्जन की ब्लॉक लेवल समिति भी विशेष तौर पर सक्रिय रहे। सभी एसडीएम प्रतिदिन खरीदी केंद्रों एवं वेयर हाउस का निरीक्षण अवश्य करें। कलेक्टर ने कहा कि कई वेयरहाउस ऐसे हैं जहां पर गेहूं की आवक तो हो रही है लेकिन उसकी एंट्री दर्ज नहीं है। ऐसे वेयरहाउस की मॉनिटरिंग विशेष रूप से की जाए।

### किसानों को उचित दाम मिले

कलेक्टर ने कहा कि अगले 20 दिनों में 1 लाख मीट्रिक टन तक की गेहूं खरीदी की संभावना है। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए की यह सुनिश्चित करें कि व्यापारी किसानों का गेहूं कम कीमत पर नहीं खरीद पाए। मंडी के अंदर और मंडी के बाहर भी विशेष रूप से इसकी मॉनिटरिंग की जाए।

### 1.47 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हुई

डीआरसीएस ने बताया कि अब तक 211 करोड़ के एपीओ प्राप्त हुए हैं, जिनमें 203 करोड़ के एपीओ स्वीकृत हो चुके हैं। किसानों को 173 करोड़ रुपए का भुगतान सफलतापूर्वक कर दिया गया है। अब तक 13 हजार 244 किसानों से 1.47 लाख मीट्रिक टन की गेहूं खरीदी की जा चुकी है।

### गेहूं परिवहन की बेहतर व्यवस्था

कलेक्टर ने कहा कि गेहूं परिवहन की स्थिति बहुत अच्छी चल रही है। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा की वे प्रतिदिन परिवहन की स्थिति की भी मॉनिटरिंग करें और साथ ही देखें कि उपार्जन के हिसाब से परिवहन हो रहा है कि नहीं है। उन्होंने गेहूं अपग्रेडेशन के बारे में भी निर्देश दिए और कहां के गेहूं अपग्रेडेशन की स्थिति की भी लगातार समीक्षा की जाए। बताया गया कि किसानों को लगातार भुगतान किया जा रहा है कुछ किसानों के आईएफएससी कोड गलत होने के चलत भुगतान रुके हुए हैं। सिवनी मालवा में ऐसे 150 किसान है जिनका आईएफएससी कोड गलत होने के चलते भुगतान रुका हुआ है।

### दो दिन में हो लंबित मामलों का निदान

कलेक्टर ने एसडीएम एवं तहसीलदार कोर्ट में लंबित प्रकरणों की बढ़ती संख्या पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देश दिए कि वह सप्ताह में 2 दिन अनिवार्य रूप से कोर्ट लगाए और लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। रेगुलर केस की पेशी करें और सुनवाई करें। कलेक्टर ने सिवनीमालवा, नर्मदापुरम एवं इटारसी कोर्ट में सबसे ज्यादा लंबित प्रकरणों की स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की और कहां की कोई अधिकारी अवकाश में जा रहा है तो उसका लिंक अधिकारी अनिवार्य रूप से बनाया जाए जो उनकी अनुपस्थिति में काम करें।

### पुराने मामले का निराकरण नहीं होने पर देंगे जिम्मेदारी

कलेक्टर ने कहा की कोई भी ऐसा प्रकरण है जो 6 से 7 माह से पुराने हैं लंबित है, उनका निराकरण नहीं हो रहा है तो उनमें संबंधित अधिकारियों पर जिम्मेदारी फिक्स की जाएगी और उन्हें नोटिस भी दिया जाएगा। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को दंडिक प्रकरणों पर भी प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए और कहां की एसडीओपी एवं टीआई के साथ बैठक कर डांडिक प्रकरणों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रभावी कार्रवाई से कानून एवं व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में बनी रहती है। उन्होंने दोषी व्यक्तियों पर आर्थिक दंड एवं नियम अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पिपरिया एवं बनखेड़ी के लोगों के जिला मुख्यालय तक आकर शिकायत करने की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए संबंधित एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देश दिए कि वे शिकायतकर्ता की शिकायत को प्राथमिकता से सुने और उसका निराकरण यथा संभव वहीं पर कर दें ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से जिला मुख्यालय आकर परेशान ना होना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम एवं तहसीलदार अपने कार्यालय में बैठने का समय निर्धारित करें और इस बात का व्यापक प्रचार प्रसार भी करें। उन्होंने पटवारियों के भी दो दिन ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर बैठने के दिन फिक्स करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गांवों के नक्शो के प्रकाशन पर तहसील कार्यालय द्वारा की जा रही धीमी कार्रवाई पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए।

# सराफा दुकानों से फर्जीवाड़ा कर लाखों का चूना लगाने वाले दो युवक गिरफ्तार

### होटल मैंनेजमेंट और पॉलिटेक्निक के विद्यार्थी हैं आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

विगत दिनों सराफा व्यवसायियों की दुकानों पर जालसाजों द्वारा धोखाधड़ी कर लाखों रूपए ऐंठने की वारदात को अंजाम दिया गया है। जिसकी शिकायत व्यवसायी द्वारा पुलिस से की गई। गुरूवार को पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह के मार्गदर्शन, एएसपी आशुतोष मिश्र एवं एसडीओपी पराग सैनी के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अंतर्राज्य जालसाज गिरोह का पर्दाफाश करने एवं गिरोह से 1 लाख 17 हजार 500 रुपये के जेवरात जप्त करने में सफलता प्राप्त की है।

### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

मंगलवार को सराफा व्यवसायी जगदीश सोनी साँवरिया ज्वेलर्स ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट कराई कि अज्ञात 2 व्यक्ति उनकी दुकान पर आए और 1 सोने की चेन व 1 सोने की अंगूठी कीमती 1 लाख 17 हजार 500 रुपये खरीदी एवं ऑनलाइन पेमेंट के लिए क्यूआर कोड पर अपने पिता द्वारा पेमेंट करने का बोला और पेमेंट पूर्ण (क्रेडिट) होने का मैसेज दिखाकर दुकान से चले गए। उन दोनों व्यक्तियों के जाने के बाद से मैसेज प्राप्त नहीं होने पर फरियादी द्वारा अपना अकाउंट देखा गया जो उसमें भी राशि प्राप्त नहीं होने पर फरियादी द्वारा उक्त घटनाक्रम की रिपोर्ट की गई थी, जिस पर थाना कोतवाली पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर दोनों अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ अपराध क्रं. 351/24 धारा 420 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

### सीसीटीवी से हुआ पर्दाफाश आष्टा से गिरफ्तार

पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया, जिसमे दोनों संदिग्ध ज्यूपिटर स्कूटी से भोपाल तरफ जाना पाया गया, फुटेज के आधार पर एक पुलिस टीम भोपाल रवाना की गई। सीसीटीवी फुटेज को फॉलो करते हुए देखने पर दोनों संदिग्ध का भोपाल से सीहोर की ओर जाना पाया गया, जिस पर बुधवार को थाना कोतवाली नर्मदापुरम की दूसरी पुलिस टीम को सीहोर रवाना किया गया। सीहोर इंदौर रोड पर उक्त दोनों संदिग्ध ज्यूपिटर गाड़ी से इंदौर तरफ जाते दिखे जिनका पीछा करते हुए दोनों पुलिस टीम द्वारा आष्टा से उक्त दोनों संदिग्धों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया, जिसके बाद उनका नाम पता पूछने पर एक युवक ने अपना नाम प्रतीक आचार्य पिता स्व. मधुसूदन आचार्य उम्र 23 वर्ष निवासी भिलाई छत्तीसगढ़ एवं दूसरा मनीष कौशिक पिता रामानुज कौशिक उम्र 22 वर्ष निवासी भिलाई छत्तीसगढ़ का होना बताया। उक्त दोनों व्यक्तियों से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उक्त घटना स्वीकार की एवं नर्मदापुरम जिले के इटारसी शहर व अन्य जिलो में इस प्रकार की घटना करना बताया गया है। उक्त दोनों व्यक्तियों द्वारा जालसाजी कर लिए गए जेवरात जप्त किए जाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है एवं दोनों व्यक्तियों को गुरूवार को न्यायालय पेश किया।

### आरोपी पॉलिटेक्निक व होटल मैनेजमेंट के विद्यार्थी हैं

पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के संबंध में अन्य जिलों को जानकारी दी गयी है। पुलिस द्वारा सम्पूर्ण घटना का पर्दाफाश करने में लगभग 140 स्थानों पर लगे सीसीटीवी केमरो की फुटेज देखी गयी। प्रकरण का आरोपी प्रतीक आचार्य मुंबई से होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहा है एवं मनीष कौशिक भिलाई से पोलिटेक्निक की पढ़ाई कर रहे है।

### यूट्यूब से सीखा वारदात का तरीका

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने वारदात करने का तरीका यूट्यूब से सीखकर ज्वेलर्स की दुकान को चिन्हित कर उनके पास से जेवरात पसंद करना व ऑनलाइन पेमेंट का फेक मैसेज दिखाकर धोखाधड़ी करने की वारदात को अंजाम दिया।

# पटवारी सोमवार, गुरुवार को ग्राम पंचायत में रहें

### कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना ने बैठक में राजस्व अधिकारियों को विभिन्न निर्देश देते हुए उन्हें आदेशित किया कि वे यह सुनिश्चित करे कि पटवारी गण सप्ताह में दो दिवस सोमवार एवं गुरुवार को अपनी-अपनी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे और ग्रामवासियों, कृषकों के राजस्व कार्यों से संबंधित समस्याओं का समय सीमा में निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करे।

कलेक्टर सोनिया मीना ने ग्रामवासियो से आग्रह किया है कि वे प्रति सप्ताह निर्धारित उक्त दिवसों में अपने ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जाकर पटवारी से संपर्क कर अपने राजस्व कार्यो से संबंधित समस्याओं का निराकरण कराए। उक्त कार्य में लापरवाही करने वाले राजस्व अधिकारियों एवं पटवारियों के विरूद्ध ग्रामवासियों से शिकायत मिलने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### 11 मई को होगा हाजियों का प्रशिक्षण व टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

जिले से 68 हाजियों का जत्था हज के लिए मुस्लिम समाज के सबसे पवित्र शहर मक्का और मदीना के लिए रवाना होगा। हाजियों के रवाना होने से पहले हर साल उनके प्रशिक्षण ओर टीकाकरण किया जाता है। इस साल भी ये आयोजन 11 मई को आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के हाजी हुसैन खान ने बताया कि हज पर जाने वाले हजरत के लिए नर्मदापुरम मैं प्रशिक्षण और टीकाकरण शिविर रखा गया है। 11 मई दिन शनिवार सुबह 9-30 बजे से ये शिविर दारुल उलुम मदरसा मालाखेड़ी मैं शुरू होगा। उन्होंने बताया हाजी अपने साथ 2 फोटो और जिला चिकित्सालय की मेडिकल रिपोर्ट अनिवार्य रूप से लाए।

# मजदूर दिवस पर श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, विधिक सेवाएं भी बताईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



उच्च न्यायालय के निर्देशन में 1 मई 2024 को मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में जिले में 1 से 4 मई तक विधिक साक्षरता का आयोजन विधिक सेवा प्राधिकरण एवं श्रम विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में आज दिनांक 2 मई को औद्योगिक क्षेत्र खेद इटारसी में राठी वेयर हाउस परिसर में क्षेत्र के मज़दूरों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमे मज़दूरों को मज़दूरी से सबमधित समस्त अधिनियमो से अवगत कराया गया।

मध्य प्रदेश शाशन द्वारा निर्धारित न्यूनतम भुगतान, समान काम केलिए समान वेतन एवं मज़दूरी नही मिलने पर करने वाला प्रक्रिया आदि से अवगत कराया।

जिसमें विधिक विभाग द्वारा मजदूर पर होने वाले अत्याचार एवं शोषण के विरुद्ध कर्मचारियों को उनके अधिकार से अवगत कराया साथ ही स्वास्थ्य के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण का कार्य भी किया गया जिसमें बीपी, शुगर, टीवी, मलेरिया एवं कुष्ठ की जांच की गई अन्य स्वास्थ्य लाभ भी दिलाया गया विधिक विभाग से विधिक जिला न्यायाधीश सचिव विधिक प्राधिकरण शशि सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी अंकिता शांडिल्य, श्रम अधिकारी वर्षा इरपाचे, श्रम निरीक्षक ज्योति अय्यर, सरिता साहू, स्वास्थ्य विभाग से डॉ शशांक प्रताप सिंह चौहान, मेडिकल ऑफिसर डॉ अनिल बुनकर, दंत चिकित्सक डॉ नितेश दीवान आदि उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार ने दी राहत कोष में 5 हजार की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम जिले के वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र सिंह अरोरा उर्फ बडडे भैया ने 2 मई को अपने जन्मदिन के अवसर पर जरूरतमंदों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में 5 हजार रुपए की राशि दान की। वरिष्ठ पत्रकार अरोडा ने 5 हजार रुपए की दान राशि का चेक कलेक्टर सोनिया मीना को दिया। उन्होंने बताया कि वह विगत 4 वर्षों से अपने जन्मदिन 2 मई को मुख्यमंत्री राहत कोष में 5 हजार रुपए की राशि दान करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी 2 मई को अपने 66 वे जन्मदिन पर उन्होंने अपनी परंपरा को निभाते हुए राहत कोष में 5000 की राशि दान की। अरोरा ने बताया कि यह राशि उनकी बचत राशि है और उनकी इच्छा है कि यह राशि किसी जरूरतमंद के काम आ सके।

### जिले में वर्ष 2023-24 में गिद्ध गणना का कार्य संपन्न

# सूर्योदय में हुई गिद्ध गणना, 287 गिद्ध पाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी





गिद्ध पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं। वे सबसे पर्यावरण को स्वस्थ रखने और शव को कुशलता से खाकर बीमारियों के प्रसार को रोकने में मदद करते हैं। गिद्धों की आबादी 2021 में 144 से बढ़कर 2024 में 4 साल में 287 गिद्ध पाए गए हैं। यह पार्क प्रबंधन और वन्यजीव संरक्षण के लिए बहुत अच्छी खबर है। यह 3 दिवसीय आकलन सूर्योदय से सुबह 9 बजे तक फ्रंटलाइन कर्मचारियों और स्वयंसेवकों द्वारा किया गया था। केवल आराम करने वाले और बसेरा करने वाले पक्षियों की गिनती की जाती है, उड़ान भरने वाले पक्षियों की नहीं। सतपुड़ा में अच्छी सुरक्षा के कारण बाघों की संख्या दोगुनी हो गई, बाघों की संख्या में वृद्धि के कारण जंगली जानवरों की हत्या में वृद्धि हुई और गांवों के स्थानांतरण और आवास प्रबंधन जैसे संरक्षण प्रबंधन हस्तक्षेप हुए। प्रशिक्षण के माध्यम से फील्ड स्टाफ को डेटा संग्रह के बारे में जागरूक किया जाता है, और पक्षियों और घोंसले के शिकार स्थलों की पहचान ने भी अच्छे डेटा प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एडी वन विभाग पचमढ़ी संजीव शर्मा ने बताया कि गिद्धों की संख्या में वृद्धि की खबर काफी सकारात्मक और अच्छी है।

29-30 अप्रैल और 1 मई में जनसंख्या वृद्धि का सर्वे हमने पचमढ़ी कि उन जगहों पर किया जहां गिद्ध पाए जाते हैं। पचमढ़ी के जंगलों में गिद्धों के घोसले एवं वह स्थान जहां गिद्ध बहुल संख्या में रहते हैं वहां पर सर्वे किया गया है। नियम अनुसार सूर्योदय के समय बैठे हुए गिद्धों को ही गिना जाता है।

# माखननगर की आमखेड़ी रेत खदान पर हुई लूट, पुलिस ने किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



माखननगर के पास सिल्वर मिस्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की वैध रेत खदान आमखेड़ी में मंगलवार को कुछ लोगों ने कंपनी के आफिस में पहुंचकर कर्मचारियों के साथ जमकर मारपीट की और अड़ीबाजी करने एवं कंपनी के टोकन काउंटर से केस लूटने का प्रयास किया। कंपनी के कर्मचारी रूपेश पैठे ने थाने पहुंचकर संबंधित आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर में फरियादी ने बताया कि 30 अप्रेल को शाम करीब 5 बजे से 7 बजे तक फोरव्हीलर वाहनों से ग्राम केसली एवं ढीकरी के निवासी रघुवीर राजपूत, हरीश राजपूत, मल्लू राजपूत ने कंपनी के टोकन काउंटर पर पहुंचकर अवैध हथियारों के साथ जमकर तोड़ाफोड़ी की और कर्मचारियों के साथ मारपीट करते हुए टोकन केस में रखे लगभग 1 लाख 51 हजार 500 रूपए नगदी लूटकर ले गए। फरियादी रूपेश पैठे ने बताया कि आरोपी हरीश राजपूत के द्वारा अवैध माउजर 315 से काउंटर के बाहर दो गोलियां चलाई गई है। उन्होंने थाने में बताया कि घटना के पूर्व कंपनी द्वारा थाना माखननगर में घटना की संभावना को देखते हुए अवगत करा दिया गया था। इसके बाद भी संबंधित लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए आरोपियों द्वारा उक्त घटना को अंजाम दिया गया है। जिससे कर्मचारियों में भय बना हुआ है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी जयजीत राजपूत पिता रमेश सिंह राजपूत निवासी सर्राकेसली, रघुवीर उर्फ गोलू राजपूत पिता गुट्टा राजपूत निवासी ग्राम सर्राकेसली, हरीश राजपूत पिता संतोष राजपूत निवासी ठीकरी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### दो डिसे गिरा तापतान

**नर्मदापुरम।** पिछले दो दिनों से नर्मदापुरम के तापमान में आंशिक रूप से गिरावट दर्ज की गई है। गुरूवार को भी तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को नर्मदापुरम में दिन का तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जो बुधवार को घटकर 39.2 डिसे रहा। गुरूवार को तापमान में करीब 2 डिसे की कमी दर्ज की गई। गुरूवार को नर्मदापुरम में दिन का तापमान 37.4 डिसे दर्ज किया गया।


## एन.ई.एस. महाविद्यालय, नर्मदापुरम्

बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल से संबंद्ध
महाविद्यालय में विश्वविद्यालय के कॉलेज कोड 28 के अंतर्गत
निम्नलिखित संकायो में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| सं. | विषय | पद संख्या | योग्यता एवं वेतन |
|---|---|---|---|
| 1 | वाणिज्य | 4 | यू.जी.सी. एवं म.प्र. शासन के नियमानुसार |
| 2 | कम्प्यूटर | 4 | यू.जी.सी. एवं म.प्र. शासन के नियमानुसार |
| 3 | गणित | 1 | यू.जी.सी. एवं म.प्र. शासन के नियमानुसार |
| 4 | भौतिकशास्त्र | 1 | यू.जी.सी. एवं म.प्र. शासन के नियमानुसार |

आवेदक कृपया अपने आवेदक दस्तावेज सहित निम्नलिखित पते पर डॉक/ई.मेल से विज्ञापन तिथि के 7 दिवस के अंदर भेजे।
पताः प्राचार्य एन.ई.एस. महाविद्यालय, नर्मदा अपना अस्पताल के पीछे, हरदा बायपास बुधवाडा रोड, नर्मदापुरम (म.प्र.)
07574-253266, मो. 9827325149, 9827721051
ई-मेल : nesc_2005@rediffmail.com

## दिन ब दिन बिगड़ रही है आस्था के प्रतीक सरोवरों की स्थिति

# ताप्ती, शनि सरोवर को लेकर गंभीर नहीं नगर प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

प्रदेश सरकार परंपरागत जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए गंभीर है किंतु स्थानीय नगर प्रशासन के लिए परंपरागत जल स्त्रोत, कभी प्राथमिकता नहीं रहे । नतीजा यह कि ,नगर के जल स्त्रोतों का आधार ताप्ती सरोवर और शनि सरोवर धीरे धीरे क्षतिग्रस्त होते जा रहे हैं। शनि सरोवर के घाट जगह-जगह से टूट कर बिखर गए हैं। ताप्ती सरोवर स्थिति भी ठीक नहीं है।

गजानन मंदिर के समक्ष वाले भाग की दीवार बाहर आ गई है। देख कर लगता है ,कभी भी सरोवर में समा जाएगी। कर्बला घाट का अधूरा कार्य ,कई वर्षों से पूर्ण नहीं हुआ। वह अब भी अधूरा है। ताप्ती सरोवर का 12 क्वार्टर का पिछला भाग भी क्षतिग्रस्त है। ताप्ती सरोवर का शुलूस गेट ,बीते 15 वर्षों से खराब है नगर पालिका अनेकों बार परिषद प्रस्ताव ले चुकी है किंतु शुलूस गेट का स्थाई समाधान नहीं हो सका, ताप्ती निकासी मार्ग से ताप्ती सरोवर का जल पूरे वर्ष भर व्यर्थ बहता रहता है, जिससे ताप्ती सरोवर का जल स्तर निरंतर घटता है। नगर की जनता बीते 10 सालों से ताप्ती जल निकासी मार्ग के नव निर्माण की मांग करते आ रही है ,किंतु कोई नतीजा नहीं निकला । नागरिकों का मानना है कि सरोवर की उपेक्षा का मुख्य कारण यह है कि, राजनीति करने वाले नेताओं और नगर प्रशासन के लिए नगर की आस्था से जुड़े सरोवर प्राथमिकता कभी नहीं रहे ।





### इनका कहना है

ताप्ती सरोवर और शनि सरोवर के घाट निर्माण की अभी कोई योजना नहीं है। ताप्ती सरोवर के शुलूस गेट का प्रस्ताव लेकर स्वीकृति के लिए भेजेंगे।

**योगेश अनेराव,** उपयंत्री नगर पालिका मुलताई

### सरोवरो की अनदेखी और कचरा प्रबंधन पर करोड़ों खर्च

*ताप्ती सरोवर, सूर्य नारायण सरोवर, शनि सरोवर स्थानीय राजनीति और स्थानीय नगर प्रशासन की अनदेखी का शिकार हो गए, और देखते देखते ही इन सरोवर की स्थिति निरंतर बिगड़ती जा रही है। जानकार बताते हैं कि नगर के सरोवर नगर प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए किंतु इसके बजाय नगर पालिका ने कचरा प्रबंधन के नाम पर नगर से बाहर, मासोद रोड पर करोड़ों रुपए खर्च कर दिए एक साथ खर्च नहीं किए जा सकते थे तो अलग-अलग पीस वर्क बनाकर खर्च कर दिए और आज भारी-भरकम राशि खर्च के बावजूद उस कचरा प्रबंधन का औचित्य खोजना कठिन हो रहा है।*

### सूर्य नारायण सरोवर में राशि और जल जाता कहां है

*नेहरू वार्ड में सूर्य नारायण सरोवर का निर्माण, ताप्ती की मुरम से लगभग 20 वर्ष पूर्व किया गया था, अब तक अनेक बार लाखों रुपए सुधार पर खर्च किए गए, निर्माण कार्य, प्रारंभ करने के बाद यह दावा किया गया कि अब सूर्य नारायण सरोवर में जल संग्रहित हो सकेगा, किंतु इन 20 वर्षों में इसमें लगाई गई राशि, कहां गई न तो इसका पता है, और न ही कभी जल संग्रह हो पाया है। हाल ही में 2.0 योजना में फिर सूर्यनारायण सरोवर की सवा करोड़ रलागत से सुधार की योजना बनाई गई है। किंतु इसके बावजूद भी इस सरोवर में जल का भराव हो पाएगा कहना कठिन है । दूसरी ओर जहां नगर पालिका ने 2.0 में लगभग नल जल एवं और सूर्यनारायण सरोवर 9 करोड़ के जल से संबंधित योजनाएं बनाई है इस योजना में ताप्ती सरोवर के घाट ताप्ती सरोवर का सरोवर का जुलूस गेट एवं शनि सरोवर के घाट को भी शामिल कर सुधार की योजना बनाई जा सकती थी किंतु नगर की जो पहली प्राथमिकता है ना तो वह प्रशासन के लिए प्राथमिक है और ना ही जनप्रतिनिधियों ने उसे कभी प्राथमिक माना।*

# बुकाखेड़ी डैम के पास बाइक दुर्घटना मे एक युवक की मौत एक घायल

## अस्पताल की अव्यवस्थाओं पर फिर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई



छिंदवाड़ा मार्ग पर बुकाखेड़ी डैम के पास बीती रात एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसके चलते दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें से एक युवक की मौत होने की खबर है जबकि दूसरे की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

दुर्घटना के बाद तत्काल गंभीर मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया । जहां एक बार फिर अवस्थाएं सामने आई और समय पर उचित इलाज एवं साधन उपलब्ध होने के कारण घायलों के परिजनों ने इसकी शिकायत स्थानी विधायक से की किंतु रेफर केंद्र बनकर रह गए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आए दिन हो रहे विवाद और उपचार के लिए हाय तौबा के बावजूद व्यवस्था में सुधार हो पाएगा कहना कठिन है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात बुकाखेडी पुलिया पर हुई मोटरसाइकिल दुर्घटना के बाद तत्काल राहगीरों द्वारा 108 एंबुलेंस की मदद से मुलताई नगर के सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। जिसमे से एक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम घाटबिरोली निवासी मंगेश पुत्र रामदास नागले उम्र 17 वर्ष एवं भविष्य पुत्र इंदल साहू उम्र 17 वर्ष दोनों ही मुलताई से गांव लौट रहे थे। तभी दुनावा की ओर से आ रहे वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। भविष्य के सर में गंभीर रूप से चोट आई बताया गया। दोनो को प्राथमिक उपचार के बाद बैतूल जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया था। जिसमे से भविष्य को परिजन निजी अस्पताल ले गए, वहा से नागपुर ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। हालांकि सरकारी अस्पताल में व्यवस्थाएं न होने के कारण परिजनों द्वारा जमकर हंगामा किया गया और व्यवस्थाओं को लेकर विधायक से भी शिकायत की गई।

# ट्रेंचिंग ग्राउंड गोठाना में भीषण आग, फायर ब्रिगेड पहुंची

## समय रहते काबू की आग, नहीं तो बढ़ सकती थी मुसीबत



बैतूल। गुरुवार दोपहर शहर से सटे नगरपालिका के ट्रेंचिंग ग्राउंड में लगे कचरे के विशाल ढेर में अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गयी। जैसे ही इसकी सूचना नगरपालिका बैतूल के अमले को मिली तो तत्काल फायर ब्रिगेड के वाहन मौके पर भेजे गए और आग के बढने से पहले ही इसे काबू में कर लिया गया। बताया जा रहा है कि समय रहते यदि आग बुझाने के बन्दोबस्त नहीं किये जाते तो आग तेजी से फैल सकती थी। इससे उठने वाले जहरीले धुंए से आसपास रहने वाले लोगों पर भी इसका दुष्प्रभाव सामने आ सकता था। नपा के स्वास्थ्य निरीक्षक संतोष धनेलिया ने बताया कि आग पहाड़ी से लगी थी और आग लगने से कोई नुकसान नहीं हुआ है। गौरतलब है कि पहले भी गर्मी के मौसम में यहां कई बार आग लग चुकी है।

### न्यायालय परिसर में रक्तदान शिविर 4 को

बैतूल। उच्च न्यायालय म.प्र. के प्रशासनिक न्यायाधिपति एवं कार्यपालक अध्यक्ष मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा निर्देशित कार्ययोजना एवं प्रधान जिला तथा सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में 4 मई को जिला न्यायालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। विधिक सचिव एवं जिला सत्र न्यायाधीश महजबीन खान ने रक्तदान शिविर में भाग लेने के लिए न्यायालय कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, एनजीओ, सामाजिक कार्यकर्ता, स्कूल, कालेज एवं आईटीआई के विद्यार्थी, शिक्षकगण, पैरा-लीगल वालेंटियर तथा जनमानस से रक्तदान महादान के आयोजन में अपने योगदान की अपील की है।

# ग्राम पंचायत बरसाली में किया चुनाव का बहिष्कार

## काजी जामठी जैतापुर मार्ग के बीच माचना नदी पर पुलिया नहीं बनने से नाराजगी




बैतूल। काजी जामठी-जैतापुर मार्ग पर माचना नदी के ऊपर पुलिया नहीं बनने से ग्रामीणों की नाराजगी बढ़ी है। यह मार्ग क्षेत्र के सभी किसानों द्वारा उपज और गन्ना सुहागपुर ले जाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। बरसात में नदी में पानी का बहाव तेज होने से स्कूली छात्रों और ग्रामीणों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने पिछले कई वर्षों से सभी जनप्रतिनिधियों को मौके पर लाकर पुल निर्माण के लिए निवेदन किया है, लेकिन कोई प्रक्रिया नहीं हुई है। इसी कारण ग्रामीणों ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार का निर्णय लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि हर बार चुनावी वादों से धोखा होता है। जब जनप्रतिनिधि वादे पूरे नहीं करते, तो लोगों की आशा टूट जाती है।

# नायब तहसीलदार ने शत प्रतिशत मतदान कराए जाने और खुद भी करने की दिलाई शपथ

## घर घर जाकर पीले चावल देकर पारंपरिक रूप से मतदान करने का दें निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

मतादाता जागरूकता अभियान(स्वीप प्लान) के अंतर्गत गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने लोकसभा निर्वाचन-2024 में 07 मई को तृतीय चरण में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक हो इस के लिए बीसी के माध्यम से जिले समस्त सीएमओ नगर पंचायत,नगर पालिका व सीईओ जनपद पंचायत,सीडीपीओ एवं क्षेत्रीय अमला पटवारी,ग्राम पंचायत सचिव,रोजगार सहायक,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं बीएलओ की मीटिंग लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एक ही डिवाइस से कनेक्ट बीसी में शामिल हुए। सारनी नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया ने बताया कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए बीएलओ को मतदाताओं के घर घर जाकर उन्हें पीले चावल देकर पारंपरिक रूप से मतदान करने के लिए निमंत्रण देना होगा और साथ ही उनको समझाइश देना है कि वह अपने साथ पहचान के लिए सिर्फ मतदाता पर्ची ही नहीं अपितु निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पहचान पत्र जैसे वोटर कार्ड,आधार कार्ड,राशनकार्ड,पेनकार्ड,ड्राइविंग लाइसेंस,जन्म प्रमाणपत्र ऐसे 12 प्रकार पहचान पत्रों में से किसी एक पहचान पत्र को भी अपने साथ अवश्य ले जाएं। साथ सभी शासकीय सेवक खुद भी मतदान करें और अपने परिवार के सभी मतदाताओं से मतदान अवश्य करवाएं। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए मतदाताओं के बीच खेल कूद व मेंहदी, रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन कर जागरूकता बढ़ाएं। स्वच्छता वाहन के माध्यम से सुबह शाम मतदान की तारीख व समय का उल्लेख करते हुए सुंदर गीतों के साथ मतदाताओं को मतदान केंद्र तक जाने व मतदान करने के लिए प्रेरित करें। शादी विवाह व मंगल कार्यक्रमों में शहर से अपने गांव आये हुए मतदाताओं को मतदान का महत्व समझाते हुए 7 मई को मतदान करने के कहें।




# आयुष अधिकारी, कर्मचारियों ने ली मतदान की शपथ



बैतूल। लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत जिला आयुष अधिकारी डॉ. उल्हास जाधव द्वारा स्वीप गतिविधि के अंतर्गत बुधवार को आयुष विभाग की मासिक बैठक के दौरान अधिकारी एवं कर्मचारियों को मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई। जिला आयुष अधिकारी डॉ.जाधव ने बताया कि जिले के समस्त आयुष चिकित्सालयों, औषधालयों एवं आयुष्मान आरोग्यम मंदिर में प्रतिदिन ओपीडी एवं चिकित्सा शिविर के माध्यम से मरीजों और उनके परिजनों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी एवं स्वीप नोडल अधिकारी अक्षत जैन के निर्देशों के अनुपालन में जिले में स्वीप अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर शहर में निकलेगी शोभायात्रा

## जिला सर्व ब्राम्हण समाज ने लिया निर्णय, दत्त मंदिर में आयोजित हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिला सर्व ब्राह्मण समाज के आदर्श और शौर्य के प्रतीक भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर आगामी 10 मई 2024 को शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। परशुराम सेना द्वारा विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।

जिला सर्व ब्राह्मण समाज ने सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव को समृद्ध करने में भागीदारी के लिए समस्त सर्व ब्राह्मण समाज को भगवान परशुराम जन्मोत्सव में आमंत्रित किया है। उल्लेखनीय है कि परशुराम जन्मोत्सव मनाने के लिए जिला सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक दत्त मंदिर में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर सुबह 9:30 बजे दत्त मंदिर में भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना के बाद आरती की जाएगी। इसके बाद जिला अस्पताल की भोजन शाला में अंकुरित आहार का वितरण किया जाएगा। इसी दिन शाम को परशुराम सेना द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से सर्व ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष नरेन्द्र शुक्ला, कांतु दीक्षित, अशोक (पप्पन मिश्रा), रामदेव, स्वदेश त्रिवेदी, प्रशांत भट्ट, पियूश तिवारी, ब्रजकिशोर पांडे, शैलेष गुबरेले, संजय शुक्ला, मनु देशपांडे, श्याम पांडे, अरविन्द देशपांडे, प्रशांत मांडवीकर, विवेक देशपांडे, अजय शुक्ला, श्रीमन्त पांडे, करण पांडे, अंशुल मिश्रा, सोमेश त्रिवेदी, ध्रुव शुक्ला आदि स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।




### जिला सैनिक कल्याण अधिकारी आज सारणी दौरे पर

बैतूल। कैप्टन (आई एन) सुमीत सिंह (से.नि.) जिला सैनिक कल्याण अधिकारी 3 मई 2024 को सारणी दौरे पर रहेंगे। इस दौरान सिंह दोपहर 10.30 बजे से 11 बजे तक नगर पालिका सारणी के सभाकक्ष में भूतपूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों की पत्नियों की समस्याओं को सुनेंगे। उन्होंने घोड़ाडोंगरी, सारणी में निवासरत सभी भूतपूर्व सैनिकों एवं शहीद सैनिकों की पत्नियों से यथा समय उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# जल आवर्धन के माध्यम से लगाए गए बरस के 250 जल मीटर चोरी

सारनी। कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा की झुग्गी बस्ती में जल आवर्धन योजना के माध्यम से घरों घर पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है और इसी कार्यक्रम में घरों के सामने बरस का मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है। लेकिन अज्ञात चोरों के माध्यम से सात वार्डों में 15 दिनों के भीतर लगभग 250 से अधिक आवासो के सामने लगाए गए जल आवर्धन के पीतल के बरस की चोरी करने की घटना घटित हो गई है। जिसकी वजह से जल आवर्धन योजना का कार्य देखने वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जब भी पानी की सप्लाई शुरू की जाती है तो लोगों के घरों का पानी मुख्य मार्ग पर ज्यादा बेहतर है जिसकी वजह से आवागमन करने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अब सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि झुग्गी बस्ती में जल आवर्धन योजना के माध्यम से लगाए गए मीटर कनेक्शन की चोरी कौन कर रहा है और यह पीतल के बरस चोरी करके किस स्थान पर बेची जा रहे हैं इसकी जांच की जानी चाहिए यदि इसी तरह जल आवर्धन योजना के माध्यम से नगर पालिका परिषद सारनी के तीनों सेक्टरों में लगभग 12 हजार कनेक्शन दिए गए हैं और इसी तरह मीटर बरस की चोरी होती रही तो जल आवर्धन योजना का काम देखने वाले लोगों के अलावा आम लोगों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।



## रैली से दिया मतदान का संदेश

# मतदान जागृति के लिए पीएम श्री स्कूल से निकाली बाइक रैली



मुलताई। बैतूल हरदा हरसूद लोकसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग के आदेश से मतदान के प्रति जागृति का पैदा करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके तहत आज मतदान का महत्व बताने के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचन अधिकारी तृप्ति पटैरया के नेतृत्व में नगर में पीएम श्री स्कूल से मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। आगामी 7 मई को होने वाले चुनाव में मुलताई नगर के 28 मतदान केंद्र का मत प्रतिशत बढ़ाने और प्रत्येक व्यक्ति को मतदान केंद्र तक पहुंचने का संदेश दिया गया । एसडीएम तृप्ति पटैरया ने इस बाइक रैली को स्कूल से रवाना किया। रैली में आधा सैकड़ा शिक्षक, नपा, राजस्व एवम् अन्य विभागों के कर्मचारी शामिल थे। यह बाइक रैली पीएम श्री स्कूल से होते हुए मेघनाथ चौक, नागदेव मंदिर, अम्बेडकर चौक, स्टेशन चौक, बस स्टेंड होते हुए पुनः स्कूल पहुंची। जहा रेली का समापन किया गया। इसके पहले एसडीएम एवं तहसीलदार ने पीएम श्री स्कूल में चल रहे प्रशिक्षण में पहुंचकर सभी को शांति पूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## क्षत्रीय लोणारी कुन्बी समाज संगठन भैंसदेही का कन्यादान महोत्सव आयोजित

# एक ही मंडप में 23 जोड़ों ने लिए जीवन राह पर चलने 7 फेरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसदेही

क्षत्रिय लोणारी कुन्बी समाज संगठन भैंसदेही द्वारा बोरगांव डेम में कन्यादान महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में एक मंडप के नीचे 23 जोड़ों का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विवाह संपन्न कराया गया। इस विवाह के हजारों लोग साक्षी बने। जैसे ही बारात मंडप में पहुंची, बारातियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार वर-वधु पक्ष के रिश्तेदारों ने पूरी रस्मे निभाई। मानो ऐसा लग रहा था कि यह कोई सामुहिक विवाह आयोजन नहीं, बल्कि एक पिता अपनी बेटी को घर से विदा कर रहा हो। मीडिया प्रभारी कमलेश कावड़कर और समाजसेवी गुलाबराव सेलकरी ने बताया कि कुन्बी समाज संगठन भैंसदेही के तत्वावधान में एक साथ 23 जोड़ों का हिन्दू रीति-रिवाज से विवाह कराया गया। हालांकि विवाह की रस्मे 29 अप्रैल को खनमिट्टी लाने से ही प्रारंभ हो गई थी। खनमिट्टी के बाद वधु का मंडल, हल्दी, मेंहदी और संगीत जैसे कार्यक्रम भी हुए। जिसमें वधु पक्ष के अलावा कुन्बी समाज संगठन के लोगों ने अपनी सहभागिता निभाई। 1 मई को जब सामुहिक विवाह का आयोजन शुरू हुआ तो पूरा गांव, हजारों स्वजातीय बंधु इसके साक्षी बने। जिन्होने नवविवाहित जोड़ों को सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया।

### डीजे-बैंडबाजे की धुन पर थिरके वर पक्ष के लोग

घर से विवाह जिस तरह विवाह की रस्मे की जाती है, ठीक उसी तरह कुन्बी समाज ने एक-एक रस्म का ध्यान दिया। जैसे ही वर पक्ष बारात लेकर गांव पहुंचा, सभी दूल्हों और बारातियों को स्वाल्हार कराया गया। जनवासा दिया और बारात झेली। जहां से आदिवासी लोक नृत्य की टीम के अलावा डीजे-बैंडबाजे के साथ दूल्हे की बारात आयोजन स्थल पहुंची। यहां भी कुन्बी समाज के पदाधिकारियों ने बारातियों को फूल मालाओं से स्वागत किया। जिसके पश्चात हिन्दू रीति-रिवाज से सभी 23 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। इस विवाह समारोह की खासियत यह रही कि कन्यादान महोत्सव में वर-वधु को समाज की ओर से वस्त्र, गहने, किचन बर्तन सहित अन्य सामग्री भी प्रदान की गई। जबकि भोजन की व्यवस्था में सभी लोगों को पत्तल पर खाना परोसा गया। जिसकी सभी ने मुक्तकंठ से सराहना की।









### यह अतिथि रहे कार्यक्रम में मौजूद

*विवाह समारोह में बतौर अतिथि के रूप में चंद्रशेखर देशमुख (विधायक मुलताई), भैंसदेही विधायक महेन्द्र सिंह चौहान, पंजाबराव बोड़खे (पूर्व विधायक), उत्तम गायकवाड़ (गायत्री परिवार, हरिद्वार), डॉ. कृष्णा पाटनकर (गुरूकृपा हॉस्पिटल, बैतूल), गोवर्धन राने (समाजसेवी), राजेश गावंडे (समाजसेवी), दिनेश महस्की ( जिलाध्यक्ष क्ष. लो. कु. समाज बैतूल), हेमन्त वागद्रे (जिलाध्यक्ष कांग्रेस ग्रामीण), भास्कर मगरदे (जिलाध्यक्ष भाजपा युवामोर्चा), पूर्व नपा अध्यक्ष नपा प्रमिला धाड़से, अनिल गावंडे (इंदौर), मुन्ना मानकर (समाजसेवी), मनीष माथनकर, विश्वनाथ धोटे, रीता दीदी गायत्री परिवार बैंगलोर, संगीता घोडकी (समाजसेवी), शिवशंकर चढ़ोकार (जिलाध्यक्ष क्ष.लो. कु.स. सेवा सं. बैतूल), विष्णु राने (अध्यक्ष अ.भा. लो. कु. स. सं. भोपाल), नरेश फाटे (पूर्व जि.पं. उपाध्यक्ष), हर्षवर्धन धोटे (समाजसेवी), जगदीश दवंड़े (हंसलोक आश्रम), रेखा बारस्कर (जिलाध्यक्ष क्ष. लो. कु.स. महिला सं. बैतूल) , कैलाश डांगे, अधिवक्ता मारोति बारस्कर, वासुदेव धोटे, देवीदास खाड़े, पुणाजी कापसे, केसर लोखंडे, सचिव नामदेव कोसे उपस्थित रहे।*

### पिपरिया विकासखंड की 8 सेवा सहकारी समिति के द्वारा 14 केंद्रों पर गेहूं खरीदी की जा रही

# अब समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 20 तक की जाएगी

**शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में हो रहा गड़बडझाला की शिकायत की गई। जिसमें उपार्जन को खरीदी के दौरान गड़बड़ बताकर गाड़ियां वापिस किया जा रहा है। जिसे प्रशासन द्वारा स्वीकार किया गया है।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मध्य प्रदेश शासन के द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जा रही है शासन के द्वारा अभी तक 7 मई 2024 निर्धारित की गई थी। लेकिन अब 20 तारीख तक खरीदी बढ़ा दी गई है मुख्यमंत्री के आदेश अनुसार समर्थन मूल्य की अवधि बढ़ा दी गई है जिसके अनुसार 20 तारीख तक गेहूं उपार्जन कार्य किया जाएगा। नर्मदापुरम संभाग और जबलपुर संभाग में 15 तारीख तक होना था लेकिन 20 तारीख तिथि की घोषणा कर दी गई है। सूत्रों से जानकारी के अनुसार पिपरिया विकासखंड की 8 सेवा सहकारी समिति के द्वारा 14 केंद्रों पर गेहूं की खरीदी की जा रही है।

कुछ केदो के द्वारा शासन के नियम अनुसार खरीदी की जा रही है। लेकिन लेकिन कुछ खरीदी केदो पर आपसी लेनदेन समझौता करते हुए अपनी सुविधा के अनुसार गेहूं की खरीदी की जा रही थी जिसमें एफसीआई के द्वारा गेहूं खरीदी के बाद 50 प्रतिशत अनाज उठाया जा रहा है जो इटारसी ले जाया जा रहा है वहां पर वेयरहाउस में रखा जा रहा है जिसमें अभी तक पिपरिया की दो कृषक सेवा सहकारी समितियां का माल लगातार खरीदी दिनांक से आज दिनांक तक वापस हो रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 तारीख को पुनः इटारसी में खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग एफसीआई के द्वारा लगभग 14 गाड़ी वापस कर दी गई है। एक गाड़ी लोड होकर जाने में लगभग 20,000 के भाड़े का खर्च आता है इस तरह से लगातार गाड़ियां वापस हो रही हैं शासन के नियम अनुसार एफसीआई के निर्देश अनुसार अच्छे गेहूं खरीदने की बात हो रही है। कुछ प्रबंधकों के द्वारा नियमों को तक में रखते हुए अपनी सुविधा के अनुसार गेहूं खरीदी की जा रही है। जिससे एफसीआई के द्वारा वापस कर दिया गया है।

### एफसीआई द्वारा गाड़ियां वापस की गई

इस मामले में प्रशासक आरके मेहरा से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि एफसीआई के द्वारा लगातार गाड़ियां वापस की जा रही हैं कहीं ना कहीं गेहूं खरीदी में गोलमाल किया जा रहा है गेहूं की तारीख खरीदी की बढ़ चुकी है। यदि इस दौरान और गड़बड़ी की जाती है तो प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# बंदरों से परेशान है शहरवासी, कुत्ते के बच्चों को ऊंची बिल्डिंगों पर लेकर चढ़ जाते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



प्रदेश का दिल कहे जाने वाला पचमढ़ी वन्य जीवों के लिए प्रसिद्ध है। प्रथम दृष्टि पर यह लाल मुंह के नाम से जाने वाले बंदरों को देखना अच्छा अनुभव रहता है लेकिन यह बंदर कब अपना मूड बदल लें और आक्रामक हो जाए इसका कोई अंदाजा नहीं रहता। शहर वासियों के साथ-साथ पचमढ़ी आने वाले पर्यटक भी इन बंदरों से काफी परेशान हैं। आए दिन खबर आती है कि पर्यटकों के वाहन से बंदर खाने का सामान पर्स इत्यादि लेकर भाग जाते हैं और जंगल में फेंक देते हैं। सामान छीन लेना तो एक छोटी बात है स्थिति तब गंभीर हो जाती है जब कोई बंदर आक्रामक होकर किसी व्यक्ति को काट लेता है।पचमढ़ी में पर्यटकों के लिए घूमने वाली जगह में से महादेव बीफाल धूपगढ़ में बंदरों का आतंक सबसे ज्यादा रहता है।

### बंदरों ने उत्पात मचा रखा है, बिल्डिंगों में रहने वाले लोग भी परेशान हैं

सुनने में अटपटा जरूर लग रहा है लेकिन पचमढ़ी में यह नजारा आम है आए दिन ऐसे बंदरों का झुंड दिख जाता है जिसमें मादा बंदर कुत्ते के छोटे बच्चों को साथ लिए फिरती रहती है। मामला तब गड़बड़ा जाता है जब यह बंदर कुत्ते के बच्चों को लेकर ऊंची ऊंची इमारत पर चढ़ जाते हैं। कभी-कभी तो ऊंचाई से कुत्ते के बच्चों को बंदर नीचे फेंक भी देते हैं।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

वन्यजीवों से जुड़े विशेषज्ञ बताते हैं कि अक्सर इस तरह का व्यवहार मादा बंदर करती है। अक्सर मादा बंदर दूसरे बंदरों के नवजात शिशु की चुरा लेती है। ऐसा प्रायः तब होता है जब मादा बंदर का नवजात शिशु मर गया हो और मातृत्व की भावनावश वह दूसरे नवजात बच्चे में अपना बच्चा खोजने लगे। इसी मातृत्व भावना के चलते वह कुत्ते के छोटे बच्चों को भी पकड़ लेती है और अपने साथ रखती है।

### बंदर के खिलाफ अभियान की जरूरत

पहले भी छावनी परिषद विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण जैसे विभागों के द्वारा बंदर पकड़नेका अभियान चलाया गया था। ऐसे अभियानों के बाद भी स्थिति जो जीते हैं। मौजूदा स्थिति को देखें तो पचमढ़ी में वन विभाग छावनी परिषद विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण को एक संयुक्त अभियान के तहत इन बंदरों से शहर को छुटकारा दिलाने के लिए अभियान चलाना चाहिए ।

# सीएम राइज विद्यालय में समर कैंप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



1 मई से सीएम राइज विद्यालय पचमढ़ी में विद्यार्थियों के शारिरिक एवं बौद्धिक विकास हेतु शारीरिक गतिविधियों के साथ समर कैंप का आरम्भ हुआ। जिसमें योग, मनोरंजनात्मक खेल संतुलन बनाओ, केला खाओ, ड्राइंग एवंअन्य मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। खेल गतिविधियों में फुटबाल, कबड्डी, क्रिकेट, पिट्टू, रस्साकसी, टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज एवम्-योग आदि का अभ्यास करवाया गया। खेल शिक्षक संतोष यादव द्वारा समस्त खेलों के नियमों को समझाते हुए खेल गतिविधियों का अभ्यास करवाया गया। विद्यालय के प्राचार्य मनीष गुप्ता, सविता साहू, प्रधानाध्यापक ज्योति यादव, रूपनारायण श्रीवास, शिक्षक संजय टिकार, राजेश सूर्यवंशी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। विद्यार्थियों में रित्विक साहू, परी, सरोजनी, फिजा,नैतिक, विनय, विवेक, विवान साहू, अंबुज पटेल,अंबर एवम् मलेशिया से आया हुआ एक छात्र अन्वित गौतम द्वारा भी समर कैंप में सहभागिता की जा रही है।

# अवैध रेत उत्खनन कर रही दो ट्रालियों को पकड़कर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद






रेत का अवैध उत्खनन कर चोरी से रेत बेचने जा रही दो ट्रैक्टर ट्रालियों को पुलिस चौकी प्रभारी आकाशदीप पचाया के निर्देशन में सहायक उप निरीक्षक अशोक सातनकर सहायक उप निरीक्षक नरेश रघुवंशी प्रधान आरक्षक प्रमोद पटेल आरक्षक अतुल शर्मा एवं पुलिस चौकी सेमरी हरचंद की पुलिस टीम ने समीपस्थ ग्राम खांडा देवरी के मंदिर के पास से अवैधृत परिवहन करके चोरी से बेचे जा रहे दो ट्रैक्टर एवं ट्रालियों को पकड़कर दोनों ट्रैक्टर चालकों की गिरफ्तार कर ट्रैक्टर ट्राली जप्त किया इस संबंध में सहायक उप निरीक्षक नरेश रघुवंशी से पूछने पर उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर खांड़ा देवरी के मंदिर के पास से अवैध रेत उत्खनन कर चोरी से बेचने जा रहे दो ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़कर आरोपी राहुल पिता हरिराम उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम रजौन तहसील माखन नगर एवं गणेशाराम उम्र 50 वर्ष निवासी खांड़ा देवरी पर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के अधिनियम की धारा 3 एवं भारतीय दंड विधान की धारा 379 के अंतर्गत कार्रवाई की।

# बोर्ड परीक्षाओं में सफल होने वाले छात्रों को सरपंच ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद





शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड की 10वीं 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाने पर विद्यालय परिवार द्वारा पालक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन कर ग्राम के सरपंच चेतन मीना की अध्यक्षता एवं स्मिता तोमर नागेंद्र सराठे सचिव के विशेष आतिथ्य मैं कक्षा 12वीं कलासंकाय की छात्रा निकिता पटेल 91% जयश्री पटेल 85% एवं नेहा पटेल 84% का विज्ञान संकाय की स्नेहा शर्मा 89% हर्षिता सराठे 84% तथा भूमिका पटेल 80% एवं कक्षा दसवीं मैं भूमि मालवी 87% आकांक्षा पटेल 85% तथा हेमलता मालवीय 80% को उत्कृष्ट अंक लाने पर ग्राम पंचायत के सरपंच चेतन मीना एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम में सरपंच चेतन मीना ने अपने उद्बोधन में कहा नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लाकर संपूर्ण नगर सेमरी हरचंद का गौरव बढ़ाया है और समस्त छात्र-छात्राओं को इनका अनुसरण करके मेहनत और लगन से परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाकर अच्छी शिक्षा प्राप्त करें एवं उच्च पदों पर जाकर नगर प्रदेश एवं देश का गौरव बढ़ाऐ। सम्मान समारोह के उपरांत समस्त छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित पालक शिक्षक संघ के सदस्यों का मुंह मीठा करवाया गया आयोजन के अंत में प्राचार्य राम सिंह पटेल द्वारा बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए समस्त पलकों का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के समस्त शिक्षक छात्राएं एवं छात्राओं के अभिभावक उपस्थित थे।

### दामिनी, आदित्य, उदित की राम स्तुति संस्कार चैनल पर आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्री राम के चरणों में समर्पित राम स्तुति का गायन दामिनी पठारिया, आदित्य नारायण परसाई एवं उदित नारायण तिवारी द्वारा संस्कार चैनल प्रकाशन माध्यम से किया जा रहा है जिसके संगीतकार राम परसाई हैं संस्कार चैनल के माध्यम से राम स्तुति का सीधा प्रसारण शुक्रवार को प्रातः 8 बजकर 51 मिनिट पर अंतरराष्ट्रीय संस्कार चैनल पर किया जाएगा। संगीतप्रेमी विजय परसाई, प्रोफेसर प्रेमकांत कटंगकार, पं. रामसेवक शर्मा, डॉ नमन तिवारी श्आनंद नामदेव, राकेश पठारिया, तारा पठारिया, रित्विक राजपूत, विपुल दुबे ,सक्षम पाठक,अंकित शर्मा ,विशाल सागर ,तन्मय करैया आदि ने कलाकारों के स्वर्णिम भविष्य की कामना की। विदित हो कि तीनों कलाकारों द्वारा पूर्व में भी अंतर्राष्ट्रीय चैनलों पर अपने भजनों की प्रस्तुति दे चुके हैं।

# महिला पर हुआ जानलेवा हमला, काउंटर केस दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मंगलवारा थाने के अंतर्गत महाराणा प्रताप वार्ड निवासी मंदाकिनी पति कृष्ण कुमार साहू उम्र 55 वर्ष के द्वारा मंगलवारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है कि उनके ऊपर घर में घुसकर जानलेवा हमला किया गया। जिससे उसके सिर पर एवं अन्य जगह अनेक गहरी चोट आई है। उन्होंने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि हनुमान दास हर सेवा मंदिर चौक ने घर में घुसकर मारपीट की वह चौकसे के यहां पर किराए से रहते थे। एक हिस्से की दुकान अभी किराए से है मकान मालिक अंजू के द्वारा मारपीट कर पानी फेंकने को लेकर विवाद हुआ इसी बात को लेकर गंदी-गंदी गालियां देकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। जानलेवा हमला किया गया है अंजू चौक से के द्वारा भी मंदाकिनी के खिलाफ फिर दर्ज कराई गई है जिसमें उन्होंने कहा है कि हिमांशु मंदाकिनी एवं श्री कृष्णा साहू तीनों के द्वारा भी उनके साथ मारपीट की गई है जिसमें पुलिस के द्वारा धारा 294, 323, 452, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### न्यायालय में आयोजित होगा रक्तदान शिविर

**सीहोर।** मुख्य न्यायाधिपति मप्र उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, रोटरी क्लब, अधिवक्ता संघ, पैरालीगल वालेन्टियर्स, शिक्षण संस्थानों, एनजीओ आदि के समन्वय एवं सहयोग से दिनांक 4 मई को जिला न्यायालय परिसर सीहोर में रक्तदान शिविर का आयोजन प्रातः 10:30 बजे से किया जा रहा है। शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर द्वारा प्रशस्ति पत्र भी प्रदाय किया जावेगा। इस प्रेस नोट के माध्यम से एमके वर्मा जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर द्वारा यह आव्हान किया गया है। रक्तदान शिविर में स्वेच्छा से रक्तदान करें।।

# 5 हजार जननियों को प्रसूति सहायता राशि का इंतजार, जननी सुरक्षा, संबल योजना के कई महीनों से अटके पड़े हैं प्रकरण




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बजट के आभाव में अनेकों योजनाएं लक्ष्य से भटकने लगी हैं। प्रसूताओं से जुडी योजनाओं में हितग्राहियों के खातों में राशि नहीं पहुंच रही। व्यवस्था इस कदर बिगड़े हैं कि साल भर पुराने प्रकरण भी योजना में लंबित बने हुए हैं और जननी अस्पताल तो कभी स्वास्थ्य महकमे के चक्कर काट रही हैं।

गौरतलब है कि गर्भवती महिलाओं को अच्छा पोषण आहार और सुरक्षित प्रसव के उदेश्य से केन्द्र और राज्य सरकारें अनेकों योजनाएं संचालित कर रही हैं। जिनमें प्रसूताओं को पोषण आहार और अपनी देखभाल के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। लेकिन बजट के आभाव में जननी सुरक्षा और प्रसूती सहायता योजना की राशि महिलाओं के खातों में नहीं पहुंच रही। विभागीय आंकड़ों की माने तो करीब 5 हजार से अधिक प्रकरण लंबित बने हुए हैं और प्रसूताएं परेशान हैं।

### 5 हजार प्रकरण अटके हेल्पलाइन पर 450 शिकायत

विभागीय जानकारी के अनुसार जननी सुरक्षा योजना और प्रसूती आर्थिक सहायता योजना में जिले भर में 5 हजार से अधिक प्रकरण लंबित हैं। हैरानी की बात तो यह है कि कई प्रकरणों को तो सालभर से अधिक समय बीत चुका है लेकिन इनका निराकरण नहीं हो रहा। मंडी क्षेत्र में रहने वाली काजल पति विक्रम ने बताया कि दिसंबर 2023 में जिला अस्पताल में उनको डिलीवरी हुई थी योजना में आज दिनांक तक राशि प्राप्त नहीं हुई।

### एंट्री में लापरवाही से महिलाएं परेशान

गर्भधारण से लेकर प्रसव तक अलग-अलग योजनाओं में गर्भवती महिला को करीब 16 हजार रूपए मिलते हैं लेकिन लापरवाही के कारण महिलाएं राशि से वंचित रह जाती हैं। गर्भावस्था के नौ माह के दौरान 4 से 5 जांचों की एंट्री विभाग के अनमोल पोर्टल पर करनी होती है। जांच और एंट्री की जिम्मेदारी एएनएम की होती है लेकिन कई बार पोर्टल पर एंट्री नहीं की जाती जिससे महिलाएं राशि से वंचित रह जाती हैं।

डॉ सुधीर डेहरिया, सीएमएचओ के अनुसार कुछ महीनों तक राशि भोपाल से रुक गई थी। अब महिलाओं के खातों में राशि आने लगी है कुछ प्रकरणों में आवेदक पात्र नहीं होते वह खारिज हो जाते हैं।

### दुकान संचालक ने कहा पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रहा आवंटन

# पात्र हितग्राहियों को नहीं मिल रहा पीडीएस का अनाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा




तहसील की ग्राम पंचायत, भडंग चिकली सहित ग्राम पंचायत तिलीआवली के अंतर्गत आने वाले कई गाँवों के लगभग 172 परिवार के लोगों को पीडीएस का चांवल तथा गेहूं नहीं मिला है ग्रामीणों ने बताया की दुकान संचालक बोलता है की अनाज ही नहीं आ रहा है। अप्रैल माह निकल गया है और अब मई आ गया है पर अब तक राशन का कोई पता नहीं है। इसकी वजह से बीपीएल राशन कार्डधारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम भडंग चिकली के वीरेन्द्र सेवरिया ने बताया की इसकी शिकायत हमने ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक को भी की थी। परन्तु उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। इस पूरे मामले में ग्रामीणों ने दुकान के सेल्समेन पर अनाज नहीं देने का आरोप लगाया है। राशन नहीं मिलने से खासकर बीपीएल और निराश्रित राशन कार्डधारियों के सामने बड़ी परेशानी खड़ी हो गई है। इस पूरे मामले में खाद्य निरीक्षक ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत की जांच की गई है। राज्य शासन द्वारा हितग्राहियों को राशन की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए पीओएस मशीन में अंगूठा तथा आधार कार्ड लिंक अनिवार्य किया गया है। पीओएस मशीन में अंगूठा लगाने के बाद भी हितग्राहियों को राशन मिलना सेल्समैन की मनमर्जी पर निर्भर कर रहा है। इसकी बानगी सेवा सहकारी समिति नंदरवाड़ा उपकेन्द्र तीलीआवली में संचालित राशन दुकान में देखी जा सकती है। यहां सेल्समैन ने उपभोक्ताओं से पीओएस मशीन में अप्रैल माह में ही अंगूठा लगवा लिया था, लेकिन राशन का वितरण अब तक नहीं किया गया। जबकि नियमानुसार उपभोक्ताओं को अप्रैल महीने का राशन देना था। इससे उपभोक्ता अपने आपको ठगा महसूस कर रहे हैं। पूरे मामले में जब राशन दुकान को संचालित करने वाले विक्रेता बुद्धेसिंह कुमरे से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया की कि पर्याप्त मात्रा में आवंटन ना आने के कारण गेहूं, चावल का वितरण नहीं हो पाया है जैसे ही आवंटन होगा वितरण कर दिया जाएगा। खाद्य निरीक्षक एएस खान ने बताया की अभी जानकारी मिली है की सेल्समैन ने राशन का वितरण नहीं किया है। कल ही दुकान की जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# पूर्व सीएम ने गणेश मंदिर में की पूजा-अर्चनाः लाडली बहनों से मिले, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा भी थे उनके साथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



विदिशा से भाजपा प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को सीहोर पहुंचे। उन्होंने गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना की। उसके बाद सीहोर जिले के गांवों में जन आशीर्वाद यात्रा के रूप में रवाना हुए।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान दोपहर में गणेश मंदिर पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, सीहोर विधायक सुदेश राय सहित भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मालवीय और भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके बाद बड़ी संख्या में उपस्थित लाडली बहनों ने भी शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। गणेश मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद लोकसभा क्षेत्र विदिशा से भाजपा उम्मीदवार शिवराज सिंह चौहान ग्राम सेवानिया शाहपुर कोरिया, महोडीया, संग्रामपुर सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामों में जनसंपर्क के लिए रवाना हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वह इछावर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में पहुंचकर जनता से आशीर्वाद लेंगे।

## खबर संक्षेप

### कुएं में गिरने से बुजुर्ग की मौत

**हरदा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम कुकरावद में रहने वाले 98 वर्षीय बुजुर्ग की कुएं में गिरने से मौत हो गई। मृतक के शव को कुएं से बाहर निकाल कर पीएम के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम किया। जानकारी के मुताबिक रामाधार पिता रणछोड़ दास काजवे (गुर्जर) 98 साल हर दिन सुबह उठकर भगवान की पूजा करने के लिए फूल तोड़ने जाया करते थे। गुरुवार सुबह भी वह पूजन के लिए फूल तोड़ने घर से निकले थे। इस दौरान गांव के पास बने एक कुएं के पास लगे फूल के पेड़ से फूल तोड़ने के दौरान शरीर का संतुलन बिगड़ने से वह कुएं में गिर गए। परिजनों ने आसपास दिखाई न देने पर उनकी तलाश शुरू की। जिसके बाद उनका शव कुएं के पानी में तैरता मिला।

### मतदान दलों को पुष्पहार पहनाकर करेंगे रवाना

**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन के लिए आगामी 7 मई को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। इसके लिए मतदान दल 6 मई को स्थानीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर से ईवीएम एवं वीवीपेट तथा अन्य मतदान सामग्री लेकर रवाना होंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने निर्देश दिए हैं कि मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री देकर व चाय नाश्ता कराकर ही मतदान केन्द्र के लिए वाहन से रवाना किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि मतदान दलों को पुष्पहार पहनाकर सम्मान पूर्वक पॉलिटेक्निक कॉलेज से मतदान केन्द्र के लिए रवाना किया जाए। कलेक्टर ने बताया कि मतदान उपरान्त जब मतदान दल सामग्री जमा कराने वापस पॉलिटेक्निक कॉलेज आएं तो उनका पुनः पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया जाए।

### 'सराहनीय कार्य करो, और उपहार में पाओ सिनेमा का टिकट'

**हरदा।** जिले के नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जिले में नित नई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी रोहित सिसोनिया ने बताया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिले के 100 व्यक्तियों को सिनेमा का टिकट उपहार स्वरूप दिया जाएगा। सिसोनिया ने बताया कि जिन 100 लोगों को यह सिनेमा टिकट उपहार स्वरूप दिया जाएगा, उनमें नगर पालिका परिषद हरदा से 20, नगर परिषद टिमरनी से 15, नगर परिषद सिराली से 5, नगर परिषद खिरकिया से 15 तथा जनपद पंचायत हरदा, खिरकिया व टिमरनी से 15-15 प्रतिभागी शामिल रहेंगे। उन्होने जिले की तीनों जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व चारों नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से कहा है कि स्वीप गतिविधियों के तहत सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले व्यक्तियों की सूची उनके द्वारा किये गये कार्यों के फोटोग्राफ्स एवं प्रतिवेदन सहित 15 मई तक उपलब्ध करा दें ताकि इनमें से 100 व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें उपहार स्वरूप सिनेमा टिकट दिया जा सके।

### मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले से शराब की बिक्री रहेगी प्रतिबंधित

**खंडवा।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत खंडवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 13 मई को तथा मतगणना 4 जून को होगी। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह ने मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अर्थात 11 मई की सायं 6 बजे से 13 मई को मतदान समाप्ति तक के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। साथ ही मतगणना दिवस 4 जून को भी शुष्क दिवस घोषित करने का आदेश जारी किया है। आदेश अनुसार विधानसभा क्षेत्र से 3 किमी की परिधि में आने वाली खण्डवा जिले की हरसूद विधानसभा क्षेत्र की मदिरा दुकानों को 11 मई की सायं 6 बजे से 13 मई की मतदान समाप्ति तक बंद रखी जाने के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर घोषित शुष्क दिवस की अवधि में खण्डवा, पंधाना व मांधाता विस क्षेत्र की सभी मदिरा दुकानों और होटल बार लायसेंस, वाईन आउटलेट को पूर्णतः बंद रखा जाए।

## घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान करने किया जा रहा जागरूक

# 'डालें वोट, बूथ पर जाएं, लोकतंत्र का पर्व मनाएं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए खंडवा संसदीय क्षेत्र में आगामी 13 मई को मतदान होगा, जबकि खण्डवा जिले के हरसूद विधानसभा क्षेत्र में आगामी 7 मई को मतदान होगा। जिले में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

इसी क्रम में मतदाताओं के घर-घर जाकर पीले चावल देकर मतदान करने की अपील की जा रही है। इसके अलावा घर-घर भेंट कर भी लोगों को मतदान करने के महत्व के बारे में बताया जा रहा। जिले के विभिन्न ग्रामों में मतदाता जागरूकता संबंधी लोगों को शपथ दिलाई गई एवं उन्हें मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही रैली के माध्यम से भी ग्रामीणजनों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मनरेगा में मजदूरी करने वाले लोगों को भी मतदान करने की शपथ दिलाई जा रही है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा मेहंदी लगाकर मतदान करने का संदेश दिया। इसके अलावा ग्रामीण आजीविका मिशन में जुड़ी समूह सदस्यों द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों में स्वीप गतिविधि अन्तर्गत ग्राम स्तर पर समूह एवं संगठनों की बैठकों में रंगोली, मेंहन्दी, रैली एवं शपथ आदि गतिविधियां की जा रही है। पूर्व के चुनाव परिणाम में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में लोगों के घर-घर जाकर पीले चावल देकर मतदान करने के लिए समूह सदस्यों द्वारा अपील की जा रही है।

## जागरूकता कार्यक्रम 'चलें बूथ की ओर' नगर निगम का अभियान



**खंडवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए आयोजित जागरूकता कार्यक्रम चले बूथ की ओर अभियान के तहत गुरुवार को उपयुक्तद्वय जाकिर जाफरी और सचिन कुमार सिटोले ने नगर निगम सभागृह में आयोजित बीएलओ की बैठक मे अनुपस्थित मतदाताओ और मतदाता पर्चीयों के वितरण कार्य की समीक्षा की। बीएलओ से कहा गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित कर उन्हें मतदान दिवस 13 मई 2024 को मतदान करने के लिए मतदान केंद्र पर आने का अनुरोध करे। उपयुक्तद्वय जाफरीऔर सचिन कुमार सिटोले ने आज माता महालक्ष्मी, पदमकुंड की दुबे कॉलोनी श्री दादाजी धूनीवाले और संजय नगर वार्ड में पहुंचकर मतदाताओं से चर्चा की और उन्हें परिवार सहित मतदान करने का अनुरोध किया। उपयुक्तद्वय ने बी.एल.ओ से दिव्यांग मतदाताओं और 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के मतदान कराए जाने के संबंध में भी चर्चा की। इस दौरान मतदाताओं को मतदान किए जाने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री एच.आर.पांडे सहायक यंत्री संतोष कुमार पांडे, प्रभारी राजस्व अधिकारी हरीश दुबे राजस्व निरीक्षक राम चरणलाल खरे, सहायक जनसंपर्क अधिकारी गौरव खरे सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## नेपानगर पुलिस ने आरोपी को 1 किलो 360 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा

### लोकसभा चुनाव को देखते हुए लगातार हो रही आरोपियों पर कार्रवाई



**बुरहानपुर।** लोकसभा चुनाव को देखते पुलिस आरोपियों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। अब नेपानगर थाना पुलिस ने एक आरोपी को 1 किलो 360 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी संजय नगर का ही रहने वाला है। नेपा थाना टीआई ज्ञानू जायसवाल ने बताया एसपी देवेंद्र कुमार पाटीदार ने सभी थाना प्रभारियों को अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत नेपा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले आरोपी को पकड़ा।

टीआई ने बताया एसडीओ निर्भय सिंह अलावा के मार्गदर्शन में टीम बनाई गई। दरअसल उप निरीक्षक रामचंद्र सांवले को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति गांजा लेकर सीवल की ओर से रहा है। सूचना पर उनि शहाबुद्दीन कुरैशी, आरक्षक गजेंद्र रावत, अनिल गुर्जर, जितेंद्र, महिला आरक्षक निधि साकल्ले की टीम को मौके पर रवाना किया गया। दबिश देकर पुलिस ने आरोपी रफीक लाला पिता आफताब 44 निवासी रेलवे स्टेशन रोड संजय नगर को पकड़ा। तलाश लेने पर उसके पास से 1 किलो 360 ग्राम मादक पदार्थ गांजा मिला। आरोपी के खिलाफ धारा 8-20 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

## मारपीट के मामले में दो भाइयों को एक साल 3 माह का कारावास

**हरदा।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, हरदा द्वारा मारपीट के एक मामले में आरोपी सोनू पिता रामकृष्ण कुशवाह, उम्र 26 वर्ष और शुभम पिता रामकृष्ण कुशवाह, उम्र 30 वर्ष दोनों निवासी ग्राम बंदीमुहाडिया, थाना सिराली को एक साल 3 माह का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। विनोद कुमार अहिरवार सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी ने बताया कि फरियादी मुकेश पिता नारायण भाटी निवासी रॉयल सिटी ने सिराली थाने में रिपोर्ट लिखाई थी कि वह हरदा में रहते हैं और सिराली में गुर्जर छात्रावास के पास दूकान है। 8-04-2018 को दोस्त कमल के साथ दुकान की उधारी लेने के लिए सिराली आया था। शुभम सब्जी वाले ने मेरे से ढाई महीने पहले 5000 रूपये करीबन का सब्जियों का बीज उधार लिया था। जो मांगने उसके घर गया तो वह घर पर नहीं मिला। बाद में सिराली में अपनी दुकान पर आ गया, और मोटरसाईकिल खड़ी कर दुकान के अंदर ही पहुंचा था उसी समय शुभम माली व शुभम का बड़ा भाई और उनका एक अन्य साथी आये तीनो ने गालियां देते हुए मारपीट की। फरियादी की सूचना पर से पुलिस थाना सिराली में धारा 452,323,294506,34 भादवि का मामला पंजीबद्ध किया गया। आवश्यक अनुसंधान उपरांत आरोपीगण के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। संपूर्ण विचारण एवं साक्ष्य विशलेषण उपरांत न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला हरदा के द्वारा दोनो आरोपी सोनू पिता रामकृष्ण कुशवाह और शुभम पिता रामकृष्ण कुशवाह को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 452 भादवि में 1 वर्ष का सश्रम कारावास व 500 रूपये का अर्थदंड एवं धारा 323 भादवि में 3 माह का सश्रम कारावास व 300 रूपये का अर्थदंड दंडित किया गया।

## आनंद अग्रवाल को मिली पीएचडी

**हरदा।** श्री सत्य सांई यूनिवर्सिटी आफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज सीहोर से आनंद कुमार अग्रवाल को वाणिज्य संकाय में



पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। अग्रवाल ने गिरिराज सिंह अहिरवार के निर्देशन में यह थीसिस लिखी है। उन्होंने शोध कार्य पर पीएचडी प्राप्त की है। अग्रवाल ने विभिन्न निजी और सरकारी बैंकों के द्वारा दिए जाने वाली डिजिटल सर्विसेज के संबंध में अध्ययन किया है। विशेष रूप से ग्राहकों के संतुष्टीकरण, इंटरनेट कनेक्टिविटी, साइबर फ्राड एवं ग्राहकों की विभिन्न शिकायतों के संबंध उच्च अधिकारियों और रिजर्व बैंक इत्यादि से समाधान की स्थितियों पर अध्ययन किया गया है। वर्तमान में श्री अग्रवाल बैंक, बीमा दावा संबंधित कार्यों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और साथ ही सामाजिक क्षेत्र की स्वास्थ्य, ज्योतिष संबंधित सेवाओं से लोगों को लाभान्वित कर रहे हैं।

## जांच- रहमानिया होटल में मिली सड़ी हुई प्याज और कॉकरोच

### डायरिया को लेकर होटल दुकान संचालक लापरवाह, ननि की टीम ने लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर



शहर में जगह-जगह खुले में सामग्री बेची जाती है। समय समय पर कार्रवाई भी होती है, लेकिन बाद में स्थिति पहले जैसी नजर आती है। डायरिया बीमारी फैलने के बाद भी नगर में कई दुकानदार, होटल संचालक लापरवाही बरत रहे हैं। उनके खिलाफ सख्ती दिखाना शुरू कर दिया गया है। एक होटल में जांच के दौरान न सिर्फ सड़ी हुई प्याज नजर आई, बल्कि कॉचरोच भी दिखे।

गौरतलब है कि शहर में डायरिया फैलने के बाद कलेक्टर भव्या मित्तल ने अधिसूचना जारी की है। किसी भी होटल, दुकान पर खुले में खाद्य सामग्री नहीं बेचने की हिदायत दी गई है, लेकिन इसके बाद भी लापरवाही बरती जा रही थी जिसे देखते हुए नगर निगम की टीम को निर्देश दिए गए खाद्य पदार्थ दुकानों, होटलों की जांच की जाए। नगर निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा गुरूवार शाम 4 बजे से नगर में जांच के लिए निकले। इकबाल चौक स्थित रहमानिया होटल की जांच के दौरान सड़ी हुई प्याज मिली। साथ ही कॉकरोच भी घूमते नजर आए। एक बंद पड़े फ्रिज में पौलीथिन की थैलियां थी। निगम की टीम ने जमकर फटकार लगाई। 2 हजार रूपए का जुर्माना लगाया। साथ ही चेतावनी दी कि एक ही दिन में व्यवस्था दुरूस्त कर लें। कल फिर निरीक्षण किया जाएगा। अगर लापरवाही सामने आई तो अब एक लाख रूपए का जुर्माना किया जाएगा। इकबाल चौक क्षेत्र में भ्रमण के दौरान मावा जलेबी की दुकान पर कुछ सामग्री खुली तो कुछ ढंकी पाई गई। जलेबी खुली पाई जाने पर 2 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। वहीं भैरोलाल जलेबी पर भी दो हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया। सभी को चेतावनी दी गई कि कलेक्टर के स्पष्ट निर्देष हैं कि अगर खुले में सामग्री बेची गई तो कार्रवाई होगी। अगली बार एक लाख रुपए तक का जुर्माना लगेगा।

## नेशनल लोक अदालत 11 मई को अधिवक्ताओं की बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा तृप्ति शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को न्यायालय टिमरनी में अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोपेश गर्ग एवं मजिस्ट्रेट नुपुर तिवारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देश अनुसार 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में सभी राजीनामा योग्य मामलों के साथ-साथ बैंक के प्रीलिटिगेशन एवं धारा 138 एन.आई.ए. के मामलों को विशेष रूप से चिन्हित कर उनकी प्रभावी तामिली के माध्यम से मामलों का निराकरण कराकर पक्षकारों को लाभ प्रदान कराया जा सकता है। बैठक में न्याय शुल्क एवं शासन की योजना के अनुसार दी जाने वाली छूट का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराने एवं अधिक से अधिक नोटिस जारी कराने की अपील की गई।

### एमपी ऑनलाइन वाले की लापरवाही के कारण छात्र का साल हुआ बर्बाद

**सीहोर।** नगर के अम्बेडकर पार्क के पास गंज वार्ड क्रं. 11 में निवासरत धीरेन्द्र जाटव ने थाना कोतवाली में आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उसके भतीजा अनमोल पिता भूपेन्द्र जाटव जो कि आठवीं कक्षा का छात्र है, जिसकी आगामी शिक्षा के लिये परिजनों ने शास एक्सलेंस बालक उच्चतर विद्यालय में प्रवेश हेतु भोपाल नाका स्थित फोकस एमपी ऑनलाइन पर पहुंचकर पंजीयन हेतु ऑनलाइन फार्म भरवाया था, जिसकी फीस के रूप में 250 रुपए भी जमा कर दिये गये थे, कुछ दिनों बाद जब परिजन एडमिट कार्ड निकलवाने उक्त एमपी ऑनलाइन गये तो वहां के संचालक द्वारा बताया गया कि आपकी तो ऑनलाइन पेमेन्ट न होने से फार्म जमा नही हुआ है, तब परिजनों ने कहा कि हमने तो आपको भुगतान समय पर कर दिया था, तो आपने प्रवेश फार्म के साथ ऑनलाइन पेमेन्ट क्यों नही किया।

## काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

## तेरी प्यार की खुमारी में चलना चला आयाः शिरीष अग्रवाल


हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

म.प्र. लेखक संघ जिला इकाई हरदा की मासिक गोष्ठी डॉ प्रभुशंकर शुक्ल के मुख्य आतिथ्य व जिलाध्यक्ष जी.आर. गौर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर साहित्यकार अशोक नेगी व चन्द्रशेखर, साकल्ले विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। गोष्ठी का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना से शुरू हुआ कवि सुभाष सिटोके द्वारा माँ सरस्वती की वंदना गाई गई।

नरेन्द्र वर्मा द्वारा मन चंगा तो कठौती में गंगा वरना दुनिया खाली है कवि रतनलाल ने जल सूखा नदियाँ का सूखी तलैया गीत गाया ललितपुर के कवि किशन सिंह कौशल एवं रमेश भद्रावले ने क्षणिकाओं के माध्यम से हंसाया तेज गर्मी से नदी तलाब क्या सूखे गए आदमी तो जिंदा है मगर रिस्ते मर गए क्षणिका सराही गई नन्हा कवि दुहित गौर द्वारा आओ वोटर तुम्हें बताएँ ताकत हम मतदान की सरस्वर में गाई गई जिसे खूब सराहा गया। गजलकार तारिक अहमद द्वारा करना गिला सिकवा वक्त की बात है पढी गई कवि शिरीष (एटलस) द्वारा तेरी प्यार की खुमारी में चलना चला आया। हास्य कवि लोमेश गौर द्वारा दुश्मनी आपस में लोगों से लाख हो पर उन्हे आपस मे लडाना नही चाहिए छन्द पेश की गई। गजलकार कवि जय चांडक की गजल नींद में सो गया देखते-देखते आपमे खो गया देखते-देखते सराही गई। कवि गोकुल गौर (विभोर) द्वारा दोनो ही स्थिति में मन पर काबू रखना होगा जीत मिले या हार मिले सहर्ष स्वीकार करना होगा कवि सुभाष सिटोके का गीत बाग उसके मधुर गीत गाता चला गया आम जब भी मिला मुस्कुराता मिला ने खूब तालिया बटोरी। हास्य व्यग्यकार कवि जी.आर. गौर द्वारा हमारे एक मित्र है बडे ही विचित्र है हास्य रचना सराही गई। म.प्र. लेखक संघ के संरक्षक डॉं प्रभुशंकर शुक्ल द्वारा जिन्दा रखने के लिए जुटा सके न योग किया कर्म के लिए तो मिले लोग हि लोग। साहित्यकार नेगीजी द्वारा खुद को इतना मत बचाया कर वारिस हो तो भींग जाया कर। बैचेन इलाहाबादी एवं चंद्रशेखर साकल्ले जी त्रिलोक शर्मा जी द्वारा भी रचनाए सुनाई गई। गोष्टी का संचालक त्रिलोक शर्मा एवं आभार गोष्टी के आयोजनकार्ता गोकुल गौर द्वारा माना गया।

## विभिन्न आयोजन कर ग्रामीणों को मतदान की शपथ दिलाई

# मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

गुरूवार को जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया की उपस्थित में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत टिमरनी के प्रांगण में उपस्थित नागरिकों को मतदान की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर हस्ताक्षर अभियान और मानव श्रृंखला का आयोजन भी किया गया। इसके साथ ही जिले के ग्राम सोडलपुर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर सभी से मतदान करने की अपील की गई। इसी क्रम में कृषि विभाग द्वारा ग्राम पंचायत बैडी, सुखरास, दीपगांवकला, सारसूद मांगरूल, खामापड़वा, पानतलाई, भाटपरेटिया व रन्हाईकला में किसान चौपाल आयोजित कर किसानों को मतदान के लिये प्रेरित किया गया और उपस्थित किसानों को मतदान की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा ग्राम बोडगांव, बम्हनगांव व काल्याखेडी में उपस्थित ग्रामीणों को भी मतदान करने की शपथ दिलाई गई। ग्राम सोनतालाई में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाइजर एवं परियोजना अधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर ग्रामीणों को मतदान की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा जिले की पंचायतों में ग्रामीणों को मतदान करने के लिए पीले चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है।

## मतदाता जागरूकता की वीडियो सीडी का विमोचन




**हरदा।** नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जिले में प्रतिदिन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मतदाताओं को जागरूक करने के लिये जिला प्रशासन ने हरदा जिले ने ठाना है, मतदान करने जाना है शीर्षक से वीडियो सीडी तैयार कराई है। इस सीडी का गुरूवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने कलेक्ट्रेट में विमोचन किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे, स्वीप के नोडल अधिकारी तथा जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया और अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा भी मौजूद थे।

## पक्षियों के लिए पानी के बर्तन रखें

## पर्यावरण संरक्षण व जागरूकता शिविर का किया आयोजित



न्यायालयीन परिसर एवं बगीचे में रखे गये है। साथ ही न्यायालय परिसर में गर्मी से बचाव के लिए पक्षकारों के लिये ग्रीन नेट लगायी गई।

**हरदा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृप्ति शर्मा एवं जिला न्यायाधीश-सचिव गोपेश गर्ग के मार्गदर्शन में गुरूवार को पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता शिविर मे जन, जंगल, जानवर, जमीन और जल के संरक्षण हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।

जिला विधिक सहायता अधिकारी अर्पणा लोधी ने बताया कि आगामी महीनों में पड़ने वाली भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से पानी से भरे हुए लगभग 25 सकोरे

इस कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृप्ति शर्मा ने उपस्थित नागरिकों से अपील की कि पक्षियों के लिए पानी के बर्तन रखें, और उनमें साफ और ताजा पानी भी भरें ताकि पक्षियों को गर्मी में राहत मिल सके। इस अवसर पर कुटुंब न्यायालय न्यायाधीश शैलेंद्र नगोत्रा, विशेष न्यायाधीश संगीता यादव सहित जिला अधिवक्ता संघ सचिव सुदीप मिश्रा एवं अन्य अधिवक्तगण, न्यायालयीन कर्मचारीगण, पेरालीगल वालंटियर आदि उपस्थित थे।